● **गाओ :**

# एकता का गूँजे इकतारा

*– डॉ. रोहिताश्व अस्थाना*

मंदिर मस्जिद से मिलते हैं
मस्जिद से गुरुद्वारा ।
सचमुच ही पावन लगता है हिंदुस्तान हमारा ।।

उत्तर–दक्षिण–पूरब–पश्चिम
दूर–दूर तक नाता ।
भारत वाशी कहलाने में
हर कोई सुख पाता ।।
भाषा–धर्म–जाति कोई हो
किंतु एक स्वर धारा ।।

मेल–जोल की महिमा हमने
धरती पर फैलाई ।
यहाँ शांति के आँगन में
बजती सुख की शहनाई ।
एक नींव पर खड़ा हुआ है
अपना भारत सारा ।।

बगिया के गुलाब की खुशबू
को मत बाँटो भाई ।
बाँट सको तो बाँटो भइया
मिलकर पीर पराई ।
भेदभाव के बिना
एकता का गूँजे इकतारा ।



## ✻ पुनरावर्तन ✻ ३

१. 'जल संधारण योजना' की जानकारी सुनो ।

२. अपने सबसे अच्छे दो मित्रों के बारे में बताओ ।

३. अपने परिसर की किसी जनकल्याणकारी सामाजिक संस्था के कार्य पढ़ो ।

४. ट्रैफिक पुलिस और वाहन चालक के बीच जेब्रा क्रॉसिंग पर हुए वार्तालाप को लिखो ।

५. निम्नलिखित चौखट में तुम्हारी पाठ्यपुस्तक में आए नौ लेखकों/कवियों के नाम दिए हैं, उन्हें ढूँढ़कर लिखो ।

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| रा | दि | वि | क | र | मे | श | द |
| जें | म | दि | र | स | ले | सा | रा |
| द्र | नी | धा | ल | म | प्र | ख | स |
| प्र | बि | हा | री | र | मा | दा | ह |
| सा | न | दे | क | सिं | सी | ती | सिं |
| द | वें | शं | र | ल | ह | ला | थ |
| र्य | य | बी | तु | ही | ह | डू | ना |
| ज | क | आ | प | ना | म | नी | श्री |

### उपक्रम/प्रकल्प

उपग्रहों का इतिहास सुनो ।

प्रति शनिवार को विश्व के सात आश्चर्यों में से किसी एक की जानकारी बताओ ।

प्रतिमाह पुस्तकालय से अंधविश्वासों के दुष्परिणामों को पढ़ो ।

व्यावसायिक पत्र का ढाँचा तैयार करो ।

# ✻ पुनरावर्तन ✻ ४

१. दूरदर्शन पर दिखाए जाने वाले रोचक विज्ञापनों को ध्यानपूर्वक सुनो ।

२. किसी सार्वजनिक स्थल पर दी गई सूचनाओं को बताओ ।

३. बेताल पच्चीसी की कोई कहानी पढ़ो ।

४. 'वन-महोत्सव' की जानकारी लिखो ।

**५. नीचे दिए गए शब्दों को उचित स्थान पर लिखो ।**

| | |
|---|---|
| पानी | और |
| जाएगा । | था । |
| दस | ने |

| | |
|---|---|
| सेना | वाह! |
| काटा | है । |
| कोई | से |

| | |
|---|---|
| तू | को |
| जाना । | का |
| क्योंकि | से |

| | |
|---|---|
| कुछ | को |
| धीरे-धीरे | पर |
| हे | से |

संज्ञा
-------
-------

विशेषण
-------
-------

काल
-------
-------
-------

सर्वनाम
-------
-------

क्रिया
-------
-------

अव्यय
-------
-------
-------
-------

कारक
-------
-------
-------
-------
-------
-------
-------
-------

## उपक्रम/प्रकल्प

| | | | |
|---|---|---|---|
| प्रतिदिन समाचार सुनो । | कागज, कलम, स्याही के बारे में बताओ । | स्वतंत्रता सेनानियों की जानकारी पत्र-पत्रिकाओं से पढ़ो । | अपने मनपसंद के खेल के बारे में लिखो । |

# इयत्ता १ ली ते ८ वी साठीची पाठ्यपुस्तक मंडळाची वैशिष्ट्यपूर्ण पुस्तके

- मुलांसाठीच्या संस्कार कथा
- बालगीते
- उपयुक्त असा मराठी भाषा शब्दार्थ संग्रह
- सर्वांच्या संग्रही असावी अशी पुस्तके
- स्फूर्तीगीत
- गीतमंजुषा
- निवडक कवी, लेखक यांच्या कथांनी युक्त पुस्तक
























**पुस्तक मागणीसाठी www.ebalbharati.in, www.balbharati.in संकेतस्थळावर भेट द्या.**

***साहित्य पाठ्यपुस्तक मंडळाच्या विभागीय भांडारांमध्ये विक्रीसाठी उपलब्ध आहे.***

ebalbharati

विभागीय भांडारे संपर्क क्रमांक : पुणे - ☎ २५६५९४६५, कोल्हापूर- ☎ २४६८५७६, मुंबई (गोरेगाव) - ☎ २८७७१८४२, पनवेल - ☎ २७४६२६४६५, नाशिक - ☎ २३९१५११, औरंगाबाद - ☎ २३३२१७१, नागपूर - ☎ २५४७७१६/२५२३०७८, लातूर - ☎ २२०९३०, अमरावती - ☎ २५३०९६५

महाराष्ट्र राज्य पाठ्यपुस्तक निर्मिती व अभ्यासक्रम संशोधन मंडळ, पुणे.

बालभारती इयत्ता ६ वी (हिंदी) ₹ 46.00